अमर उजाला
महोत्सव विश्वास का
• 6 राज्य
• 2 केंद्रशासित प्रदेश
• 22 संस्करण
राजधानी •
वर्ष 20 | अंक 165 | पृष्ठ : 16+4 | मूल्य : चार रुपये
अमर उजाला
नई दिल्ली
शुक्रवार, 23 सितंबर 2022
आश्विन कृष्ण-त्रयोदशी
विक्रम संवत-2079

मंदिरों पर हमले जयशंकर ने ब्रिटेन के समक्ष उठाया भारतीयों की सुरक्षा का मुद्दा...12

क्रेडाई ने सीईओ के समक्ष रखी मांग

ग्रेटर नोएडा। सीईओ सुरेंद्र सिंह के साथ बैठक में एनसीआर क्रेडाई अध्यक्ष मनोज गौड़ ने मांगपत्र सौंपा। उन्होंने कहा कि ग्राउंड कवरेज नोएडा प्राधिकरण के समान 50 फीसदी किया जाए। प्रोजेक्ट पूरा होने का समय मैप अनुमोदन के बाद ही माना जाए। नक्शा अनुमोदन के लिए एक वर्ष की अनुमति दी जाए। इसके अलावा 14 महीने ग्रैप के जोड़े जाएं और इसे 5 साल 2 महीने का किया जाए। उन्होंने कहा कि कम्पलीशन सर्टिफिकेट को बकाया राशि से नहीं जोड़ा जाना चाहिए। ब्यूरो